प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 11.02.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज विधानसभा में करेंगे ई– विधान सेवा केन्द्र का उद्घाटन, विधायी कार्य होंगे पेपरलेस, डिजिटल माध्यम से सदन की कार्यवाही में भाग ले सकेंगे सदस्य।

- केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने सभी राज्यों के साथ की फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा, मंत्री इरफान अंसारी ने झारखंड की प्रगति से केन्द्रीय मंत्री को कराया अवगत।

- महिला सशक्तीकरण के लिए रांची में आजीविका न्याय सलाह केंद्र और एकल सुविधा केंद्र का उद्घाटन, मंत्री दीपिका पांडेय ने कहा– महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने को सरकार प्रतिबद्ध।

- निकाय चुनाव के लिए जैक ने बदली परीक्षा की तिथि, इंटरमीडिएट की 23 फरवरी को होने वाली परीक्षा अब 24 फरवरी को होगी।

- पश्चिमी सिंहभूम के सारंडा जंगल में नक्सलियों के आईइडी विस्फोट में दो ग्रामीण गंभीर रुप से घायल, सुरक्षा बलों ने तेज किया इलाके में सर्च ऑपरेशन।

**********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज झारखंड विधानसभा में ई–विधान सेवा केंद्र का उद्घाटन करेंगे। इस पहल से विधायी कार्य पेपरलेस होंगे और सदस्य डिजिटल माध्यम से सदन की कार्यवाही में भाग ले सकेंगे। विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने बताया कि यह कदम विधानसभा को आधुनिक बनाने और पारदर्शिता बढ़ाने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है।

**********************

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कल वर्चुअल माध्यम से वार्षिक राष्ट्रव्यापी मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान का शुभारंभ किया और राज्यों के साथ फाइलेरिया उन्मूलन की समीक्षा की। इस दौरान झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डा.इरफान अंसारी ने बताया कि राज्य सरकार 2027 तक झारखंड को फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि राज्य के 14 जिलों के इकानवे प्रखंडों में यह अभियान शुरू किया गया है, जिसका लक्ष्य लगभग 1 करोड़ 75 लाख आबादी को कवर करना है।

**********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 26 फरवरी को जमशेदपुर का दौरा करेंगी, जहां वे कदमा मरीन ड्राइव में भव्य महाप्रभु जगन्नाथ मंदिर की आधारशिला रखेंगी। ढाई एकड़ में बनने वाले इस मंदिर को राजस्थानी पत्थरों से 4 साल में तैयार किया जाएगा। यहाँ आध्यात्मिक केंद्र भी बनेगा। युवाओं में इस दौरे को लेकर भारी उत्साह है।

**********************

रांची के मांडर में मंत्री दीपिका पांडेय ने आजीविका न्याय सलाह केंद्र और एकल सुविधा केंद्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर 115 महिला उद्यमियों को स्वरोजगार के लिए 59 लाख 72 हजार की वित्तीय सहायता और परिसंपत्तियां बांटी गईं। इस मौके पर मंत्री दीपिका पांडेय ने बताया कि इसका उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है।

**********************

रांची विश्वविद्यालय के कुडुख विषय के पीएचडी शोधकर्ताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने लोकभवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की। शोधकर्ताओं ने शोध कार्यों में हो रहे बाहरी हस्तक्षेप और भाषाई विशेषज्ञों की कमी जैसी समस्याओं पर अपनी बात रखी।

**********************

नगर निकाय चुनाव के कारण झारखंड एकेडमिक काउंसिल, जैक ने परीक्षाओं की तिथियों में बदलाव किया है। इंटरमीडिएट की 23 फरवरी को होने वाली परीक्षा अब 24 फरवरी को होगी। इसी प्रकार 11वीं की परीक्षा अब 25, 26 और 28 फरवरी को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। आठवीं की 27 फरवरी को प्रस्तावित परीक्षा अब 2 मार्च को दो पालियों में होगी। नौवीं की परीक्षा अब परीक्षा 6 और 7 मार्च को होगी।

**********************

हजारीबाग के कटकमदाग में नीति आयोग के सम्पूर्णता अभियान 2.0 का शुभारंभ हुआ। यह अभियान 14 अप्रैल तक चलेगा, जिसका लक्ष्य स्वास्थ्य, शिक्षा और कौशल विकास जैसे 6 सूचकांकों में शत–प्रतिशत उपलब्धि हासिल करना है। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख और बीडीओ ने विकास कार्यों में समन्वय पर जोर दिया।

**********************

रांची के सदर अस्पताल में राष्ट्रीय सिकल सेल उन्मूलन मिशन के तहत एक दिवसीय पेशेंट सपोर्ट ग्रुप कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप में लगभग 315 मरीजों और उनके अभिभावकों ने भाग लिया। इस मौके पर सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डा. अभिषेक ने बताया कि कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञों ने बीमारी के लक्षण, बेहतर खान–पान और प्रबंधन की जानकारी दी।

**********************

पश्चिमी सिंहभूम के सारंडा स्थित तिरीलपोशी जंगल में नक्सलियों द्वारा बिछाए गए आइईडी विस्फोट में दो ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गए। एसपी अमित रेणु ने पुष्टि की कि ग्रामीण लकड़ी चुनने गए थे, तभी धमाका हुआ। सुरक्षा बलों ने इलाके में सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है।

**********************

ज़ामताड़ा पुलिस ने डिगबाडीह में छापेमारी कर 4 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि इनके पास से 7 मोबाइल और 8 फर्जी सिम कार्ड बरामद हुए हैं। ये अपराधी झाड़ियों में छिपकर ठगी को अंजाम दे रहे थे।

**********************

रांची के ऑड्रे हाउस में 12–13 फरवरी को सीएमएस वातावरण फिल्म फेस्टिवल आयोजित होगा। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार इसका उद्घाटन करेंगे। दो दिवसीय इस महोत्सव में पर्यावरण, स्वदेशी ज्ञान और पृथ्वी की देखभाल पर आधारित फिल्में दिखाई जाएंगी, जिसमें फिल्म निर्माता, छात्र और विशेषज्ञ शामिल होंगे।

**********************

राज्य में आज मौसम मुख्य रूप से साफ और शुष्क बना हुआ है। पिछले कुछ दिनों की तुलना में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे कड़ाके की ठंड से राहत मिली है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के अनुसार राज्य में फिलहाल बारिश के कोई आसार नहीं हैं, हालांकि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से कुछ जिलों में आंशिक बादल छा सकते हैं।

**********************

विद्यासागर विश्वविद्यालय मिदनापुर में आयोजित ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला फुटबॉल टूर्नामेंट में रांची विश्वविद्यालय ने केआईएसएस विश्वविद्यालय को 3–0 से हराया। मैच की शुरुआत से ही रांची विश्वविद्यालय की टीम आक्रामक नजर आयी और लगातार हमलों से विरोधी टीम पर दबाव बनाये रखा।

**********************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने राजधानी के मधुकम खादगढ़ा में आदिवासी भूमि पर बसे 13 परिवारों को घरों पर प्रशासनिक बुलडोजर चलने की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– शहर की सरकार से निकलेगा विधानसभा चुनाव का नया रास्ता।

हिन्दुस्तान ने झारखंड हाईकोर्ट के हवाले से लिखा है– लोकायुक्त समेत रिक्त पदों को छह सप्ताह में भरें।

प्रभात खबर के शब्द हैं– किन्नर को गाड़ी से कुचला, युवक को किया अगवा, पुलिस को मारी टक्कर, 11 राउंड फायरिंग में एक को लगी गोली।

दैनिक जागरण लिखता है– 1700 करोड़ के भुगतान के बावजूद झारखंड पर केन्द्रीय बल का 13 हजार 376 करोड़ बकाया।

**********************